चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 24.10.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मार्केट,सोनेपुर, धतुरहा चौराहा आदि जगहों में,थाना मारकुंडी द्वारा थाना तिराहा व ग्राम नई बस्ती अमचूर नेरुवा में,थाना पहाड़ी द्वारा ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में,थाना बहिलपुरवा द्वारा ग्राम पड़रिया में,थाना सरधुवा द्वारा ग्राम पनौटी में) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।
पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर संबंधित को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण में पुलिस एवं राजस्व टीम समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराएं।

(3) अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।
अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर संबंधित को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण में पुलिस एवं राजस्व टीम समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराएं।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी व कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने 02 शातिर वाहन चोर को चोरी की 08 अदद मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार किया गया।
बरामदगी - कुल 08 अदद मोटर साइकिल
1.UP94AB8083 - ग्रे कलर (बिना नम्बर प्लेट)
2.HF Deluxe काली-लाल UP70AN0748
3.हीरो होण्डा स्प्लेंडर लाल UP96H1373
4.HF Deluxe काले-नीले रंग की (बिना नम्बर प्लेट थी)
5.UP70FX7260 - Apache काले रंग की (बिना नम्बर प्लेट थी)
6.UP96F7204 - Splendor Plus काले रंग की (नम्बर प्लेट घिसी हुई)
7.UP96H6857 - HF Deluxe सिल्वर कलर
8.UP96D0529 - Splendor Pro काले रंग की (बिना नम्बर प्लेट)
गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता -

1. साहिल यादव पुत्र रामकरन यादव निवासी - पिपरौंद लालता रोड, थाना मऊ जनपद चित्रकूट
2. नवनीत कुमार जाटव पुत्र रामबाबू जाटवनिवासी - अतरौली, थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट

गिरफ्तारी का विवरण -

जनपद में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रभारी निरीक्षक एसओजी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी को घटनाओं के शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी गई मोटरसाइकिलों के बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिसके क्रम में दिनांक 23.10.2026 को में एसओजी व कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम बढती हुई चोरियों के बारे में वार्तालाप कर रहे थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ मानिकपुर रोड़ पर श्रीराम इंटरप्राइजेज के बोर्ड के पास खड़ा है। सूचना पर विश्वास कर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया।

पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम साहिल यादव पुत्र रामकरन यादव निवासी - पिपरौंद लालता रोड, थाना मऊ जनपद चित्रकूट बताया। उसकी निशानदेही पर झाड़ियों के पास पेड़ के नीचे छिपाकर रखी गई 07 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें व उसके साथी को भी पकड़ा गया, जिसने अपना नाम नवनीत कुमार जाटव पुत्र रामबाबू जाटव निवासी - अतरौली, थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट बताया।

जामा तलाशी में अभियुक्त साहिब यादव के पास से 600/- रूपये व नवनीत जाटव के पास से 400/- रूपये बरामद हुए।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिलें झाड़ियों में छिपाकर रखते थे और बाद में कानपुर ले जाकर बेचने की फिराक में थे। बरामद मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में थाना स्थानीय के अभिलेखों व अन्य थानों से सम्पर्क कर जानकारी की गई तो उक्त वाहन थाना कोतवाली कर्वी के मु0अ0सं0 418/26, 642/26, 643/26, 644/26, 645/26 व थाना राजापुर के मु0अ0सं0 218/26 से सम्बन्धित होना पाया गया।

पकड़े गये व्यक्तियों के पास से बरामद हुए पैसो के बारे में पूछा गया तो दोनो एक राय में बताया कि एक सुपर स्पलैण्डर जो मार्च महीने में जिलाधिकारी आवास के सामने पीपल पेड़ के नीचे से चोरी की थी व होण्डा साइन पटेल उत्सव भवन पिपरावल पुल के पास से चोरी की थी दोनो गाडियों को हम दोनो बेचने के लिये लेकर जा रहा थे कि रास्ते में एक गाडी का पैट्रोल खत्म होने पर मोटर साइकिल बन्द हो गयी वही पर हम दोनो लोग अपनी अपनी गाडी खड़ी कर बैठे थे तभी कुछ अनजान व्यक्ति आये और उनसे बात चीत कर 15 – 15 हजार रूपये में बेच दिया था जिनका नाम पता हम दोनो को जानकारी नहीं है उसी पैसे से हम लोग अभी तक खा पी रहे थे उन्ही पैसो में से यह पैसा शेष बचा हुआ है।

मुकदमों उपरोक्त में माल बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली एसओजी/कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम का नाम -

1. प्रभारी स्वाट/सर्विलांस निरीक्षक श्री एमपी. त्रिपाठी
2. उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह
3. उ0नि0 श्री अंशुल सिंह
4. उ0नि0 इन्द्रजीत गौतम कोतवाली कर्वी
5. उ0नि0 प्रवीण सिंह
6. का0 राहुल पुरी
7. का0 रोशन सिंह
8. का0 गोलू भार्गव
9. का0 ज्ञानेश मिश्रा
10. का0 जयनारायण पटैरिया

11. का0 पवन राजपूत
12. चालक का0 विपिन कुमार
13. का0 मोहित कुमार
14. का0 आदर्श राय

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए 02 परिवारों को टूटने से बचाया।

आवेदिका भावना देवी पुत्री राज किशोर निवासिनी कंठीपुर रगोली कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वितीय पक्ष पति संदीप कुमार पुत्र शिव कुमार निवासी कोल गदहिया कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 2.रंजना पत्नी मनीष निवासिनी पहाड़ी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वितीय पक्ष पति मनीष पत्र स्वर्गीय राजकुमार निवासी पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध गाली गलौज कर मारपीट,अतिरिक्त दहेज की मांग करने आदि के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया था। परिवार परामर्श केन्द्र टीम उ0नि0 अनुपमा तिवारी,महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, महिला आरक्षी सोनिका,महिला आरक्षी शिवाग्गी, महिला आरक्षी अनामिका सिंह शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ो को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

समझौता कराने वाली टीमः-
1.उ0नि0 श्रीमती अनुपमा तिवारी प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र
2.महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह
3.महिला आरक्षी सोनिका
4.महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव